सड़क सुरक्षा हर नागरिक के जीवन से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय

फिनोलेक्स पाइप्स की डायरेक्टर रितु छाबरिया ने पत्रकार-वार्ता में सड़क सुरक्षा सप्ताह की जानकारी देते हुए कहा

पुणे, 13 जनवरी (वि.प्र.)

नागरिकों को सड़क सुरक्षा पर जागरूक बनाने के उद्देश्य से, फिनोलेक्स पाइप्स एवं गल्फ ऑयल लुब्रिकेंट्स ने पुणे पुलिस तथा ट्रैफिक पुलिस विभाग के साथ मिलकर समझौते के अंतर्गत पुणे में सड़क सुरक्षा सप्ताह को आरंभ किया है. ये दोनों कंपनियां पुणे पुलिस के अधिकारियों को 1600 हेलमेट तथा फेस मास्क वितरित करेंगी. इस अवसर पर 15 जनवरी, 2017 को 36 किमी. की एक सड़क सुरक्षा रैली आयोजित की जाएगी. इस रैली को शिवाजीनगर, पुणे में सुबह 7:00 बजे पुणे पुलिस मुख्यालय से हरी झंडी दिखाई जाएगी. यह रैली शहर के सभी हिस्सों से गुजरते हुए सड़क सुरक्षा को लेकर जागरुकता का प्रसार करेगी.

पत्रकार-वार्ता में जानकारियां देती हुईं फिनोलेक्स पाइप्स की डायरेक्टर रितु छाबरिया. इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर रश्मि शुक्ला और ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर सुनील रामानंद उपस्थित थे.

- फिनोलेक्स और गल्फ ऑईल ने रोड सेफ्टी को बढ़ावा देने के लिए पुणे पुलिस के साथ समझौता किया
- दोनों कंपनियां पुलिस अधिकारियों को 1600 हेलमेट और फेस मास्क देंगी
- 15 जनवरी को रोड सेफ्टी रैली का भी आयोजन किया जाएगा
- सीपी रश्मि शुक्ला की अपील : आप अपने परिवार से प्यार करते हैं तो ट्रैफिक नियमों का पालन कीजिए

इस अभियान के विषय में चर्चा करते हुये रितू छाबरिया (डायरेक्टर, फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज) ने कहा, एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक होने के नाते फिनोलेक्स सड़क सुरक्षा के लिए समर्पित है. हमारा इस अभियान में बहुत दृढ़ विश्वास है, क्योंकि यह सड़क सुरक्षा के विषय में जागरुकता बढ़ाने का एक बेहतरीन अवसर है. सड़क सुरक्षा आज हर किसी के जीवन से जुड़ा हुआ एक महत्वपूर्ण प्रश्न है. हमें भरोसा है कि अधिकारियों तथा कॉर्पोरेट इकाइयों के साथ इस तरह के अभियान हमारे विषय को आगे बढ़ाएंगे और लोगों को आगे आकर सड़क सुरक्षा के विषय से जुड़ने के लिए प्रेरित करेंगे. मैं लोगों से अपील करती हूं कि वो हमारे साथ बाइक रैली में जुड़ें और एक महत्वपूर्ण अभियान में हमारा सहयोग करें.

इस अवसर पर पुणे की पुलिस आयुक्त, रश्मि शुक्ला ने कहा, यातायात नियमों का पालन करना आपकी खुद की और आपके प्रियजनों की सुरक्षा बढ़ाता है. इससे दुर्घटनाएं, वाहन एवं जिंदगी को होने वाली क्षति व आम लोगों की बाधा को रोकने तथा नागरिकों के सामने अच्छा उदाहरण पेश करने में मदद मिलती है. यातायात नियम काफी सरल हैं और इनका पालन करने की इच्छा व्यक्ति के मन में उत्पन्न होनी चाहिए. यदि आप अपने परिवार को प्यार करते हैं, तो हम आपसे निवेदन करते हैं कि आप वाहन चलाते वक्त यातायात नियमों और अनुशासन का पालन करें.

इस अभियान के विषय में चर्चा करते हुये गल्फ ऑइल लुब्रिकेंट्स इंडिया के कंपनी सेक्रेटरी, श्री विनायक जोशी ने कहा, भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते ऑटो बाजारों में से एक है. सड़कों पर सबसे अधिक संख्या में टू-व्हीलर्स के मामले में पुणे सबसे बड़े शहरों में से एक है. यह शहर सर्विस सेक्टर एवं शैक्षिक संस्थानों के केंद्र के रूप में विकसित हुआ है. ज्यादातर प्रोफेशनल और विद्यार्थी स्थानीय यात्रा के लिए मोटर बाइक का प्रयोग पसंद करते हैं. सड़कों पर वाहनों की संख्या में वृद्धि एक सकारात्मक संकेत है, लेकिन इसके साथ ही सड़क सुरक्षा के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है. सड़क सुरक्षा सप्ताह एक जिम्मेदार ड्राइविंग का महत्व प्रदर्शित करता है.

इस इवेंट में पुणे पुलिस एवं यातायात पुलिस विभाग के अधिकारियों, फिनोलेक्स पाइप्स और गल्फ ऑयल लुब्रिकेंट्स के कर्मचारियों के अलावा स्थानीय बाइक शौकीनों एवं शहर के बाइकर ग्रुप्स की प्रतिभागिता देखने को मिलेगी. इस रैली के वॉलंटियर्स एवं प्रतिभागी सुचारू एवं भीड़भाड़ रहित ड्राइविंग अनुभव के लिए यातायात नियमों का पालन करने की आवश्यकता पर जागरुकता फैलायेंगे.